# चट निवेश-पट रोजगार के लिए बनेगा डेटाबेस


## कंपनियों को मिलेगा प्रफेशनल कोर्स वालों का ब्योरा

■ **NBT रिपोर्ट, लखनऊ**

प्रदेश में निवेश करने वाली कंपनियों में युवाओं को रोजगार दिलाने के लिए अलग से डेटाबेस बनाया जाएगा। यह व्यवस्था सेवायोजन कार्यालय की तर्ज पर लागू होगी। इसमें प्रफेशनल कोर्स वाले युवाओं का ब्योरा दर्ज होगा। इसके बाद कंपनियों को उनकी जरूरत के हिसाब से यह ब्योरा मुहैया करवाया जाएगा। इसकी शुरुआत ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेम्नी (जीबीसी) से होगी।

जानकारी के मुताबिक, यूपी में निवेश करने वाली कंपनियों को अक्सर उनकी जरूरत के ट्रेड के हिसाब से स्किल्ड वर्कफोर्स नहीं मिल पाती। इसकी कारण वे दूसरे राज्यों को युवाओं को नौकरी देती हैं। नियोजन विभाग के एक अधिकारी के मुताबिक, डेटाबेस के जरिए प्रफेशनल युवाओं का पूल तैयार किया जा सकेगा। इससे कंपनियों को प्रदेश में ही वर्कफोर्स मिलने में आसानी रहेगी।

AI Image



### इंटर्नशिप के भी मौके

डेटाबेस तैयार होने के बाद प्रफेशनल कोर्स करने वाले युवाओं को प्रदेश में ही इंटर्नशिप के अवसर मिल सकेंगे। अभी ज्यादातर युवाओं को इंटर्नशिप के लिए यूपी के बाहर तलाशने पड़ते हैं। इससे उनका खर्च भी बढ़ता है और असुविधा भी होती है।